हिंदी दैनिक खबर

# केशव न्यूज

शुक्रवार 8 अगस्त 2025 बर्ष 01 अंक 92 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com www.keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**


लफ़्ज़ और उनको बोलने का लहज़ा ही होते हैं इंसान का आईना, शक्ल का क्या है वो तो उम्र और हालात के साथ, अक्सर 'बदल' जाती है।

## बिहारशरीफ में नाला और डब्ल्यूटीपी निर्माण की मांग, महापौर अनीता देवी ने प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी को भेजा पत्र

संवाददाता केशव न्यूज । बिहार शरीफ (नालंदा ) – बिहारशरीफ नगर निगम की महापौर अनीता देवी ने शहर में जल निकासी की गंभीर समस्या को लेकर बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री और नालंदा जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी को पत्र लिखा है। उन्होंने शहर के प्रमुख नाले के विस्तारित निर्माण और एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) की स्थापना की मांग की है।

महापौर ने पत्र में बताया कि शहर का सारा गंदा पानी नाले के माध्यम से ईमादपुर पतुआना, रेलवे क्रॉसिंग, बसावन विगहा, सरैया खंधा, भदवा गांव, रहुई मेन रोड होते हुए छिलका गांव के रास्ते पंचाने नदी में गिरता है। लेकिन इस मार्ग पर नाले का निर्माण अधूरा होने और उचित जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि डूब जाती है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के कई अन्य छोटे–बड़े नाले भी इसी मुख्य नाले में मिलते हैं। बरसात के मौसम में यह नाला ओवरफ्लो हो जाता है और पानी की निकासी बाधित हो जाती है, जिससे शहर के कई हिस्सों में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है।



महापौर ने मांग की कि पंचाने नदी में गंदा पानी सीधे प्रवाहित न किया जाए, बल्कि नदी से पहले एक उपयुक्त स्थान पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) का निर्माण कराया जाए, ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे और जल प्रदूषण को रोका जा सके।

उन्होंने पत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की "आत्मनिर्भर बिहार दृ सात निश्चय–2" योजना के अंतर्गत स्टार्म वाटर ड्रेनेज योजना का हवाला देते हुए कहा कि करीब 7 किलोमीटर लंबाई में नाला निर्माण कराया जाना जरूरी है।

महापौर ने प्रभारी मंत्री से इस मामले में शीघ्र पहल कर जनहित में नाले और डब्ल्यूटीपी का निर्माण सुनिश्चित कराने की अपील की है।

## राजद नेत्री डॉ. आयशा फातिमा का रहुई में दमदार जनसंपर्क अभियान, तेजस्वी यादव के विजन को बताया बदलाव की असली चाबी

संवाददाता केशव न्यूज । रहुई (नालंदा) – जैसे–जैसे बिहार में विधानसभा चुनाव की घड़ी नजदीक आ रही है, प्रदेश की सियासी हलचलों में तेजी देखी जा रही है। इसी क्रम में राष्ट्रीय जनता दल की तेजतर्रार युवा नेत्री डॉ. आयशा फातिमा ने रहुई प्रखंड के मुर्गियाचक, वाजितपुर गंजपर और मोरा गांव में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाकर राजनीतिक तापमान को और चढ़ा दिया।

जनसंपर्क के दौरान उनके साथ समाजसेवी यासिर इमाम, पप्पू खान, चंगेज़ खान, कालिया, टूप–टूप मल्लिक समेत कई स्थानीय कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। डॉ. फातिमा ने लोगों से सीधे संवाद स्थ. ापित किया और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव के जनहितैषी योजनाओं और विकास के रोडमैप को विस्तार से समझाया।

''जनता ने बताईं क्षेत्र की समस्याएं, विधायक पर उठाए सवाल''
गांवों में संवाद के दौरान लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा कीं। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से स्थानीय विधायक क्षेत्र में नहीं आए हैं। सड़कें और नालियां खस्ताहाल हैं, सरकारी विद्यालयों की स्थिति जर्जर है और सरकारी दफ्तरों में बिना 'नजराना' के काम नहीं होता। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डॉ. फातिमा ने आश्वासन दिया कि राजद की सरकार बनने पर इन सभी मुद्दों को प्राथमिकता के साथ सुलझाया जाएगा।





''तेजस्वी यादव का विजन डॉक्यूमेंट बना प्रचार का मुख्य आधार''
डॉ. फातिमा ने अपने अभियान के दौरान तेजस्वी यादव के "विजन डॉक्यूमेंट" को प्रमुखता से रखा, जिसमें जनता को भरोसा दिलाया गया कि राजद सरकार बनने पर निम्नलिखित बड़े बदलाव किए जाएंगे

' गैस सिलेंडर की कीमत रु.1000 से घटाकर रु.500
' बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाकर रु.1500 प्रति माह
' 100 प्रतिशत डोमिसाइल नीति के तहत युवाओं को रोजगार
' हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली
' महिलाओं के लिए रु.2500 प्रतिमाह की माई बहन योजना
' पलायन रोकने हेतु स्थानीय उद्योगों की स्थापना और स्थानीय रोजगार

डॉ. फातिमा ने कहा कि "बिहार के युवाओं को अब रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना होगा, हम अपने गांव में ही उनके लिए अवसर पैदा करेंगे।"

''राजद के प्रति दिखा जनता का उत्साह''
जनसंपर्क अभियान के दौरान डॉ. फातिमा का जगह–जगह गर्मजोशी से स्वागत हुआ। कई स्थानों पर लोगों ने फूलमालाओं और नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने तेजस्वी यादव की नीतियों पर विश्वास जताया और बदलाव की इच्छा जाहिर की।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. आयशा फातिमा ने कहा कि बिहार की जनता अब पहले से कहीं ज्यादा जागरूक है। लोग अब सिर्फ खोखले वादों पर नहीं, धरातल पर काम करने वाली सरकार को चुनेगी। उन्होंने कहा कि राजद पूरी तरह से तैयार है और बिहार को एक नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



## धरहरा की बेटी अल्पना बनी भारतीय महिला रग्बी टीम की शान, एशियाई चौंपियनशिप में करेगी देश का प्रतिनिधित्व

संवाददाता केशव न्यूज । सिलाव (नालंदा) – नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड स्थित धरहरा गांव की बेटी अल्पना ने भारतीय महिला रग्बी टीम में जगह बनाकर पूरे बिहार को गौरवान्वित किया है। एक किसान की बेटी से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने तक का अल्पना का यह सफर न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि पूरे गांव और राज्य के लिए गर्व की बात बन गया है।

तेज–तर्रार और संघर्षशील खिलाड़ी के रूप में पहचान बना चुकी अल्पना का चयन आगामी एशियाई रग्बी अंडर–20 चौंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है, जो 9 अगस्त से राजगीर खेल परिसर में आयोजित होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में वह भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। बिहार से महिला टीम में अल्पना के अलावा आरती, अंशु और गुरिया भी शामिल हैं, जबकि पुरुष टीम में गोल्डन और सागर को चुना गया है।

अल्पना का अंतरराष्ट्रीय करियर पिछले वर्ष ताइवान में आयोजित रग्बी प्रतियोगिता से शुरू हुआ, जहां उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोचों और चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। इसके बाद से ही वे भारतीय टीम की मजबूत सदस्य के रूप में उभरी हैं।

धरहरा मिडिल स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही अल्पना का रुझान रग्बी की ओर हुआ। स्कूल के शिक्षक और कोच भावेश कुमार ने उसकी प्रतिभा को पहचाना और उसे तराशा। उन्होंने बताया कि अल्पना ने मिडिल से हाई स्कूल तक की पढ़ाई धरहरा में ही की है और वर्तमान में वह नालंदा कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा है।

उसके पिता संजय कुमार एक मेहनती किसान हैं, जिन्होंने आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अपनी बेटी के खेल सपनों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

अल्पना की खेल प्रतिभा बहुआयामी है। रग्बी के साथ–साथ वह खो–खो और एथलेटिक्स में भी राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी हैं। अंडर–18 वर्ग में उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया।

वर्तमान में अल्पना कोलकाता स्थित प्रतिष्ठित ''साई (एसएआई) सेंटर'' में प्रशिक्षण ले रही हैं, जहां देश के शीर्ष कोचों के निर्देशन में वह अपने कौशल को निखार रही हैं। यह प्रशिक्षण उसकी तैयारियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत बना रहा है।

अल्पना के चयन से धरहरा गांव में जश्न का माहौल है। गांव के बुजुर्गों से लेकर युवा तक सभी गर्व महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोग अब बेसब्री से उस पल का इंतजार कर रहे हैं जब वे अपनी बेटी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, वो भी अपने ही जिले में खेलते हुए देख सकें।

अल्पना की यह उपलब्धि उस उम्मीद की कहानी है, जो यह साबित करती है कि संसाधनों की कमी भी किसी की प्रतिभा और मेहनत के आगे बाधा नहीं बन सकती।







# गिरियक प्रखंड के रैतर गांव में विशेष गहन पूर्ण निरीक्षण अभियान को लेकर बैठक आयोजित

संवाददाता केशव न्यूज : गिरियक (नालंदा) – दिनांक 7 अगस्त 2025 को गिरियक प्रखंड के रैतर गांव स्थित पंचायत भवन में विशेष गहन पूर्ण निरीक्षण अभियान 2025 के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीएलओ सरिता कुमारी मेहता ने की, जिसमें राजनीतिक दलों के नेता और बीएलए जनप्रतिनिधि अर्जुन प्रसाद एवं संतोष कुमार सहित अन्य स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।



बैठक की शुरुआत सभी अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके उपरांत बीएलओ ने विशेष गहन पूर्ण निरीक्षण अभियान के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। मतदान केंद्र संख्या 348, पंचायत भवन रेतर (पूर्वी भाग) से संबंधित पत्र की विस्तृत जानकारी दी गई।

सभी बीएलए और जनप्रतिनिधियों से मतदाताओं के दस्तावेज जुटाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई। बैठक में एब्सेंट (अनुपस्थित), सस्पेक्ट (संदिग्ध) और डेड (मृत) मतदाताओं से संबंधित डाटा साझा किया गया। बीएलए से अनुरोध किया गया कि वे अपने स्तर से इन प्रविष्टियों का सत्यापन सुनिश्चित करें।

दावा–आपत्ति दर्ज कराने की अवधि 1 अगस्त 2025 से 1 सितंबर 2025 तक निर्धारित की गई है। इस दौरान सभी बीएलए और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की गई।

बैठक में प्रारूप मतदाता सूची बीएलए को दिखाई गई और यह स्पष्ट किया गया कि यदि किसी व्यक्ति का नाम सूची में नहीं है, तो फॉर्म 6 भरकर नाम जोड़वाया जा सकता है। वहीं, यदि सूची में कोई गलत जानकारी दर्ज है, तो फॉर्म 7 के माध्यम से दावा–आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है।

अंत में बीएलए और एडीसी की सूची तथा बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई, जिसे सभी उपस्थित प्रतिनिधियों ने सहमति जताते हुए हस्ताक्षरित किया।

# नालंदा में लापता युवक की हत्या, शव मिलने के बाद सड़क जाम कर परिजनों का हंगामा

संवाददाता केशव न्यूज सरमेरा (नालंदा) – सरमेरा थाना क्षेत्र के गा. `सनगर गांव निवासी गिरबल कुमार (24) की हत्या कर उसका शव नदी में फेंक दिया गया। बुधवार शाम करीब 6 बजे उसका शव गांव से दो किलोमीटर दूर धनायन नदी से बरामद हुआ। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने बिहटादृसरमेरा मुख्य पथ को गोपाल. बाद के पास शव रखकर जाम कर दिया।



घटना की सूचना मिलने पर सरमेरा, बिंद और अस्थावां थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन लोगों का गुस्सा इस कदर था कि वे अस्थावां थाना की गाड़ी पर चढ़ गए और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मृतक की बहन रानी सिन्हा ने बताया कि शनिवार रात 10 बजे आखिरी बार भाई से फोन पर बात हुई थी। मोबाइल लोकेशन गांव के पास मिला, फिर अचानक ऑफ हो गया। परिजनों ने 3 अगस्त को गिरबल के अपहरण की प्रा. थमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें चार ला. `गों को नामजद आरोपी बनाया गया था। लेकिन पुलिस ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की।

मृतक के बड़े भाई इंद्रजीत कुमार ने बताया कि गिरबल पटना में काम करता था और कुछ दिन पहले ही गांव लौटा था। 2 अगस्त की रात वह अपने चार दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। रात 9 बजे तक सभी साथ थे। जब उसे घर लौटने के लिए कहा गया, तो उसने कहा था कि "थोड़ी देर में आ जाऊंगा, दरवाजा बंद मत करना"। लेकिन रात 12 बजे तक वह घर नहीं लौटा।

उन्होंने बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला और दोस्तों से पूछताछ करने पर उन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर की। बुधवार को जब शव मिला, तो गर्दन रेती हुई थी और शरीर पर कई जगह गहरे जख्म थे, जिससे हत्या की पुष्टि होती है।

फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच में जुट गई है। परिजन लगातार पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। तनाव को देखते हुए इलाके में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।




# नालंदा में बौद्ध धर्मगुरु डॉ. पैंयालिंकारा की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा – वियतनाम, थाईलैंड, श्रीलंका समेत कई देशों के भिक्षु हुए शामिल

संवाददाता केशव न्यूज : नालंदा, प्रेम कुमार– नालंदा जिले के नालंदा चाइनीज बौद्ध मंदिर में बौद्ध धर्मगुरु डॉ. पैंयालिंकारा की तीसरी पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर न केवल भारत के विभिन्न राज्यों से, बल्कि वियतनाम, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और श्रीलंका से भी सैकड़ों बौद्ध अनुयायियों एवं भिक्षुओं ने भाग लिया।

समारोह के दौरान डॉ. धर्मारत्ना ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि, "आज डॉ. पैंयालिंकारा की अनुप. स्थिति हमें गहराई से खल रही है। उनका जीवन सेवा, करुणा और परोपकार का प्रतीक था।"

उल्लेखनीय है कि डॉ. पैंयालिंकारा वर्ष 1981 में म्यांमार (पूर्ववर्ती वर्मा) से भारत आए थे और इसके बाद भारतीय नागरिकता ग्रहण कर नालंदा को अपनी कर्मभूमि बनाया। तब से वे लगातार देश–विदेश के गरीब और जरूरतमंद लोगों की आर्थिक सहायता में सक्रिय भूमिका निभाते रहे।

पुण्यतिथि कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने डॉ. पैंयालिंकारा के आदर्शों और कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुण्यतिथि कार्यक्रम में कई गणमान्य धर्माचार्य और स्थानीय बुद्धिस्ट नेता भी उपस्थित थे। सभी ने डॉ. पैंयालिंकारा के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

# ससुरालवालों ने विवाहिता की पीट–पीटकर की हत्या, परिजनों ने लगाया गंभीर आरोप



संवाददाता केशव न्यूज : दीपनगर (नालंदा) – नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगाबीघा गांव से एक विवाहिता की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि ससुराल वालों ने पीट–पीटकर उसकी हत्या कर दी।

मृतका की पहचान सुषमा कुमारी, पिता पारस महतो, निवासी हसनी, थाना चंडी के रूप में हुई है। सुषमा की शादी 2 दिसंबर 2022 को गंगाबीघा निवासी श्याम महतो के पुत्र गोविंदा कुमार के साथ हुई थी।

परिजनों के अनुसार, शादी के बाद से ही सुषमा के साथ ससुराल में मारपीट और प्रताड़ना की घटनाएं होती रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुरालवालों ने बेरहमी से उसकी पिटाई की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मृतका के मायके पक्ष को दी गई। सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार मौके पर पहुंचा और दीपनगर थाना पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का केस दर्ज कराने की बात कही है।






# देवधा गांव में 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू, भव्य कलश यात्रा निकाली गई, 111 पौधे लगाए गए

संवाददाता केशव न्यूज : बिहारशरीफ (नालंदा) – बिहारशरीफ प्रखंड के देवधा गांव स्थित देवी स्थान में ग्रामीणों के द्वारा 24 घंटे के अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश शोभा यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और कन्याएं शामिल हुईं।

कलश यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए पंचाने नदी घाट पहुंची, जहां सभी ने पवित्र जल भरकर देवी स्थान पहुंचकर विधिवत पूजन–अर्चन किया। इसके पश्चात 24 घंटे का अखंड कीर्तन आरंभ किया गया, जिससे पूरा गांव और आसपास का क्षेत्र "हरे राम, हरे कृष्ण" के जयघोष से गूंज उठा।

इस धार्मिक अवसर पर प्रकृति संरक्षण की भावना के साथ ग्रामीणों ने महोगनी, आम, कटहल, पीपल, शीशम सहित 111 पौधे भी लगाए। इस अवसर पर रा. जपुरोहित मनोज कुमार पांडेय उर्फ मोहन जी ने बताया कि यह आयोजन गांव की सुख–समृद्धि, शांति और मंगल के लिए किया जाता है। इस वर्ष यह आयोजन 14 वर्षों के बाद देवी स्थान परिसर में आयोजित किया गया है।



उन्होंने बताया कि गांव के अन्य हिस्सों में भी प्रतिवर्ष इसी प्रकार अखंड कीर्तन और कलश यात्रा होती रही है।

मुख्य पुजारी देवेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि इस वर्ष की कलश शोभा यात्रा में 501 महिलाएं और कन्याएं शामिल हुईं, जिन्होंने जल लेकर देवी स्थान में पूजन किया और कीर्तन की शुरुआत की।

उन्होंने यह भी बताया कि कीर्तन के दौरान गांव में 24 घंटे तक चूल्हा नहीं जलता, इसलिए ग्रामीणों ने पहले से ही मीठे पकवान बनाकर रखे हैं। इस दौरान नमक का सेवन वर्जित रहता है।

इस पावन अवसर पर ग्रामीण दिलीप कुमार, ललन सिंह, अनुज सिंह, सुबोध सिंह समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि यह गांव का प्रमुख धार्मिक आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे श्रद्धा भाव से भाग लेते हैं।

# हवनपुरा गांव में करंट की चपेट में आकर रिटायर्ड सिपाही की मौत, खेत में गिरा था 11 हजार वोल्ट का तार



संवाददाता केशव न्यूज : रहुई (नालंदा) – रहुई थाना क्षेत्र के हवनपुरा गांव में एक दर्दनाक हादसे में बिहार पुलिस से सेवानिवृत्त सिपाही सत्येंद्र कुमार सिंह की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय घटी जब वे गांव के बगल स्थित खेत में रोपनी का कार्य देखने जा रहे थे।

मृतक की पहचान 70 वर्षीय सत्येंद्र कुमार सिंह, पिता स्व. रामदहीन सिंह के रूप में हुई है। वे बिहार पुलिस में सिपाही पद पर कार्यरत थे और कुछ वर्ष पूर्व ही सेवानिवृत्त हुए थे।

परिजनों के अनुसार, खेत में पहले से ही 11,000 वोल्ट का एक जर्जर हाई वोल्टेज बिजली तार गिरा हुआ था, जिसकी सूचना किसी ने नहीं दी थी और न ही विद्युत विभाग ने समय रहते कोई कार्रवाई की। जैसे ही सत्येंद्र कुमार खेत में पहुंचे, तार के संपर्क में आने से उन्हें जोरदार करंट लगा और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पा. `स्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।इधर, ग्रामीणों में बिजली विभाग की लाप. रवाही को लेकर भारी आक्रोश देखा गया। लोगों ने दोषी बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए, मृतक के परिजनों को यथोचित मुआवजा देने की मांग की है।

पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# डिज्नीलैंड मेला में नशे में धुत बदमाशों की फायरिंग से मची भगदड़, भीड़ ने दोनों को पकड़ कर पीटा

संवाददाता केशव न्यूज : हिलसा (नालंदा) – हिलसा थाना क्षेत्र के चि. कसौरा मार्ग स्थित डिज्नीलैंड मेला में बुधवार की रात उस समय अफरातफरी मच गई, जब नशे में धुत दो बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज से मेला में भगदड़ मच गई और लोग इधर–उधर भागने लगे।

हालांकि, कुछ युवाओं ने साहस दिखाते हुए दोनों बदमाशों को पकड़ लिया। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। बदमाशों पर लात–घूंसे और थप्पड़ों की बरसात होने लगी। जान बचाने के लिए दोनों बदमाश रोने लगे, लेकिन भीड़ का गुस्सा थम नहीं रहा था।

सूचना मिलने पर हिलसा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह दोनों बदमाशों को भीड़ से छुड़ाकर अपनी हिरासत में लिया। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि अगर पुलिस थोड़ी और



देर से पहुंचती, तो दोनों बदमाश मॉब लिंचिंग का शिकार हो सकते थे।


गिरफ्तार बदमाशों की पहचान चकमहद्दीपुर निवासी विकास कुमार और फतेह बिगहा निवासी रवीश कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा, एक खोखा और एक बाइक भी बरामद की है।

थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। मेला क्षेत्र में शांति बहाल कर दी गई है और पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# गृह विभाग ने जारी की तबादला सूची, पुलिस महकमे में हलचल तेज

संवाददाता केशव न्यूज : (नालंदा) – गृह विभाग के आरक्षी शाखा ने गुरुवार को वरीय पुलिस अधिकारियों के तबादले की सूची जारी की। इस सूची के अनुसार कई जिलों में डीएसपी स्तर के अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है।

हिलसा डीएसपी–1 सुमित कुमार को बिहार पुलिस अकादमी में वरीय पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदस्थापित किया गया है। उनकी जगह आईपीएस अधिकारी शैलजा को हिलसा डीएसपी–1 की जिम्मेदारी सौंपी गई है।




वहीं, हिलसा डीएसपी–2 गोपाल कृष्ण को जहानाबाद जिले का साइबर डीएसपी बनाया गया है। उनके स्थान पर ऋषिराज की तैनाती की गई है।

इसके अलावा, साइबर डीएसपी ज्योति शंकर को पूर्णिया का सदर एसडीपीओ नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर राघवेंद्र मणि त्रिपाठी को साइबर डीएसपी के पद पर तैनात किया गया है।

तबादले की इस सूची के तहत संबंधित अधिकारियों को शीघ्र योगदान करने का निर्देश दिया गया है।






हिंदी दैनिक खबर

# केशव न्यूज


**अनमोल वचन**

लफ्ज़ और उनको बोलने का लहजा ही होते हैं इंसान का आईना, शक्ल का क्या है वो तो उम्र और हालात के साथ, अक्सर 'बदल' जाती है।



